KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

प्रश्नः- SCO की भूमिका, उद्देश्य, एवं हालिया बैठक तथा भारत की अध्यक्षता का वर्णन करें।

# BPSC - Mentorship — Polity MCQ - 34

**1.** भारत का संविधान निम्नलिखित अनुच्छेदों में से किस एक के अंतर्गत एक निर्वाचन आयोग का प्रावधान करता है?
(A) अनुच्छेद 321 के अंतर्गत
(B) अनुच्छेद 322 के अंतर्गत
(C) अनुच्छेद 324 के अंतर्गत
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**2.** लोक सभा के लिए निर्वाचन के बारे में, निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?
(A) निर्वाचन वयस्क मताधिकार के आधार पर होता है।
(B) निर्वाचनों के लिए मतदाताओं की सूची को राष्ट्रपति के निर्देशन और नियंत्रण में तैयार किया जाता है।
(C) निर्वाचनों का संचालन निर्वाचन आयोग करता है।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**3.** भारत में मताधिकार और निर्वाचित होने का अधिकार है-
(A) संवैधानिक अधिकार (B) मूल अधिकार
(C) विधिक अधिकार (एक अधिनियम के अंतर्गत)
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**4.** राज्य विधानमंडलों के निर्वाचन हेतु सिद्धांतों में सम्मिलित है:
(A) यह वयस्क मताधिकार के आधार पर होंगे।
(B) प्रत्येक क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए केवल एक निर्वाचक सूची होगी।
(C) धर्म, प्रजाति, लिंग आदि के लिए निर्वाचक सूची बनाने में कोई स्थान नहीं होगा।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**5.** भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त की पदावधि क्या है?
(A) पांच वर्ष (B) राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत
(C) 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक जो भी पहले हो
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**6.** परिसीमन आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. परिसीमन आयोग के आदेशों को किसी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती।
2. परिसीमन आयोग के आदेश जब लोक सभा अथवा राज्य विधान सभा के सम्मुख रखे जाते हैं, तब उन आदेशों में कोई संशोधन नहीं किया जा सकता।
उपर्युक्त में से कौन-सा/कथन सही है/हैं?
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों (D) न तो 1 और न ही 2

**7.** नवयुवकों द्वारा 18 वर्ष की आय पर मताधिकार का पहली बार प्रयोग किया गया, आम चुनाव में
(A) 1987 के
(B) 1988 के
(C) 1989 के
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**8.** 'निर्गत मत सर्वेक्षण' (Exit Poll) के विषय में कौन सा कथन सही है?
(A) निर्गम मत सर्वेक्षण अभिव्यक्ति का प्रयोग मतदाताओं के उस निर्वाचनेत्तर सर्वेक्षण को व्यक्त करता है जिससे यह पता चले कि मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किस प्रत्याशी के पक्ष में किया।
(B) निर्गम मत सर्वेक्षण और जनमत सर्वेक्षण एक ही बात है।
(C) निर्गम मत सर्वेक्षण वह युक्ति है जिससे मतदान के परिणामों के विषय में अधिकतम सही पूर्वानुमान किया जा सकता है।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**9.** भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त को नियुक्त किया जाता है।
(A) लोक सभा द्वारा
(B) राष्ट्रपति द्वारा
(C) प्रधानमंत्री द्वारा
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**10.** दिनेश गोस्वामी समिति ने सिफारिश की थी-
(A) राज्य स्तरीय निर्वाचन आयोग के गठन की।
(B) लोक सभा के चुनाव के लिए सूची पद्धति की।
(C) लोक सभा के चुनाव के सरकारी निधीयन की।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**11.** निम्न में से कौन सा चुनाव निर्वाचन आयोग द्वारा संपादित नहीं किया जाता?
(A) लोक सभा का (B) राज्य सभा का
(C) स्थानीय निकायों का
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**12.** भारत के निर्वाचन आयोग के निम्नलिखित में से कौन से कृत्य है?
(A) लोकसभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष तथा राज्य सभा के सभापति के पदों के लिए निर्वाचन करवाना।
(B) नगरपालिकाओं और नगर निगमों के लिए निर्वाचन करावाना।
(C) निर्वाचनों से उत्पन सभी संदेहो और विवादो का निर्णयन।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**13.** नीचे दो वक्तव्य दिये हैं-
कथन (A): संसद तथा राज्य विधान मण्डलों के स्वतंत्र तथा निष्पक्ष चुनाव कराने की शक्तियाँ एक स्वतंत्र इकाई अर्थात् निर्वाचन आयोग को दी गई हैं।
कारण (R): निर्वाचन आयुक्तों को पद से हटाने का अधिकार कार्यपालिका के पास है।
कूट-
(A) A और R दोनों सत्य है, और R सही स्पष्टीकरण है A का
(B) A और R दोनों सत्य है, किन्तु R सही स्पष्टीकरण नहीं है A का
(C) A सही है, परन्तु R गलत है।
(D) A गलत है परन्तु R सही है।

**14.** लोक सभा और राज्य विधान सभाओं के चुनावों में मतदान करने वालों की न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष से घटा कर 18 वर्ष कर दी गई-
(A) संविधान के 44वें संशोधन द्वारा।
(B) संविधान के 52वें संशोधन द्वारा।
(C) संविधान के 61वें संशोधन द्वारा।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**15.** न्यायालय द्वारा अपराधी घोषित किए गए व्यक्ति को चुनाव लड़ने के लिए आयेग्य करार देने का निर्णय किया गया है-
(A) संसद द्वारा (B) सर्वोच्च न्यायालय द्वारा
(C) भारत सरकार द्वारा
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**16.** यदि किसी राज्य विधान सभा के निर्वाचन में निर्वाचित घोषित होने वाला प्रत्याशी अपनी निश्चित राशि खो देता है तो उसका अर्थ है कि-
(A) मतदान बहुत कम हुआ। (B) बहुसदस्यीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचन था।
(C) निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशियों की संख्या बहुत अधिक थी।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**17.** सांसदों की अयोग्यता सम्बन्धी विवाद पर कौन निर्णय देता है?
(A) राष्ट्रपति (B) सम्बन्धित संसद
(C) निर्वाचन आयोग के परामर्श से राष्ट्रपति
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**18.** निम्न में किसका सम्बन्ध चुनाव आयोग से नहीं है-
(A) चुनाव की अधिसूचना जारी करना
(B) चुनाव चिन्ह का बँटवारा करना
(C) चुनाव की वैधता का निपटारा करना
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**19.** राष्ट्रपति का चुनाव निम्न में से किसके द्वारा संचालित किया जाता है?
(A) लोक सभा के स्पीकर द्वारा
(B) भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा
(C) संसदीय कार्य के मंत्री द्वारा
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**20.** निम्नांकित कार्यों में से कौन एक कार्य भारत के निर्वाचन आयोग से सम्बन्धित नहीं है?
(A) मतदाता सूची तैयार करने का निर्देशन और नियंत्रण
(B) विधान मंडलों के चुनाव के लिए उचित प्रावधान करना।
(C) राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के पदों के लिए चुनाव का संचालन
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**21.** भारत के निर्वाचन आयोग के कार्य हैं-
(A) संसद एवं राज्य विधान मंडलों के सभी चुनाव करवाना।
(B) राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति पदों के लिये चुनाव करवाना।
(C) किसी राज्य में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के लिये अनुकूल दशा न होने पर राष्ट्रपति शासन लगाये जाने की संस्तुति करना
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**22.** लोक सभा के अध्यक्ष द्वारा आधिकारिक तौर पर एक राजनीतिक दल अथवा राजनीतिक दलों के गठबन्धन को विपक्ष की मान्यता देने हेतु कम से कम चाहिए-
(A) 50 सदस्य (B) 55 सदस्य
(C) 80 सदस्य
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**23.** आनुपातिक प्रतिनिधित्व की व्यवस्था, निर्वाचन क्रिया प्रणाली के रूप में सुनिश्चित करती है?
(A) अल्पसंख्यकों के प्रतिनिधित्व को
(B) बहुमत के शासन को
(C) सरकार में स्थिरता को
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**24.** निर्वाचन आयुक्त हटाया जा सकता है।
(A) मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा
(B) प्रधानमंत्री द्वारा
(C) मुख्य निर्वाचन आयुक्त के परामर्श पर राष्ट्रपति द्वारा
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**25.** निम्नलिखित में से कौन-सी जोड़ी (संस्था और संविधान के अनुच्छेद) सुमेलित है?
(A) भारत का सर्वोच्च न्यायालय-अनुच्छेद 318
(B) भारत का निर्वाचन आयोग-अनुच्छेद 324
(C) संघीय लोक सेवा आयोग-अनुच्छेद 332
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

## ANSWER KEY

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 01. (C) | 02. (B) | 03. (C) | 04. (D) | 05. (C) |
| 06. (C) | 07. (C) | 08. (A) | 09. (B) | 10. (C) |
| 11. (C) | 12. (D) | 13. (B) | 14. (C) | 15. (A) |
| 16. (C) | 17. (C) | 18. (A) | 19. (B) | 20. (B) |
| 21. (D) | 22. (B) | 23. (A) | 24. (C) | 25. (B) |

# BPSC Mentorship
# Economics - MCQ (34)

**1.** वर्त्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था को किन उपनामों से संबोधित किया जाता है ?
(A) उभरती अर्थव्यवस्था
(B) अर्द्धविकसित अर्थव्यवस्था
(C) विकासशील अर्थव्यवस्था
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**2.** जीवन की भौतिक गुणवत्ता के सूचक को विकसित करने का श्रेय किस अर्थशास्त्री को दिया जाता है ?
(A) अल्फ्रेड मार्शल
(B) डेविस मोरिस
(C) पॉल इंन्जिंग
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**3.** निम्नलिखित में कौन-सा प्रभाव बन्द अर्थव्यवस्था में संभव है?
(A) NNP = GDP (B) GDP = GNP
(C) GDP = PI
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**4.** मई, 2019 में केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय (CSO) और राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) का विलय होने के बाद इसका नया नाम है-
(A) राष्ट्रीय प्रतिदर्श कार्यालय (B) राष्ट्रीय सर्वेक्षण कार्यालय
(C) राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**5.** निमनलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. लॉरेंज वक्र निरपेक्ष निर्धनता को प्रदर्शित करता है।
2. लॉरेंज वक्र आय विषमता को प्रदर्शित करता है।
उपर्युक्त में कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 तथा 2 दोनों (D) न तो 1 न ही 2

**6.** भारत में ग्रामीण क्षेत्रों में पायी जाने वाले गरीबी के कारणों पर विचार कीजिए-
1. ग्रामीण जनसंख्या में तेज वृद्धि।
2. सिंचाई के साधनों का विकास।
3. कृषि क्षेत्र में अर्द्ध सामन्ती उत्पादन क्षेत्र का होना।
4. गरीबी निवारण कार्यक्रमों की विफलता।
निम्नलिखित कूट के आधार पर सही विकल्प का चयन करें-
(A) 1, 2 और 4 (B) 2, 3 और 4
(C) 1, 3 और 4 (D) 1, 2 और 3

**7.** निम्नलिखित में कौन-सा कथन सही नहीं है?
(A) जब कुछ लोगों को, जो कि प्रचलित मजदूरी पर काम करने को तैयार है, काम नहीं मिलता है अनैच्छिक बेरोजगारी की स्थिति कहलाती है।
(B) लोगों को रोजगार बदलने की प्रवृत्ति जैसी स्थिति घर्षणात्मक बेरोजगारी का लक्षण है।
(C) संसाधनों के पूर्ण उपयोग के बिना यदि समग्र मांग और समग्र आपूर्ति सम हो तो इसे पूर्ण रोजगार संतुलन कहा जाता हैं।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**8.** भारत में कॉपीराइट बोर्ड की स्थापना किस वर्ष किया गया ?
(A) 1957 (B) 1958
(C) 1972
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**9.** प्रधानमंत्री श्रम योगी मान धन योजना में प्रत्येक ग्राहक को 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद न्यूनतम अनुमानित पेंशन प्रतिमाह प्राप्त होगी-
(A) रु 1500 (B) रु 2000
(C) रु 3000
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**10.** एक एम. ए. पास व्यक्ति को चपरासी पद पर नियुक्त होकर कार्य करना पड़ रहा है, इस स्थिति को क्या कहा जाएगा ?
(A) अदृश्य अल्प रोजगार
(B) दृश्य अल्प रोजगार
(C) अनैच्छिक बेरोजगारी
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**11.** जब किसी उत्पाद की कीमत को बढ़ाये बिना, पहले की अपेक्षा कम वजन, आकार में बेचा जाता है, तो इसे क्या कहा जाता है?
(A) हेडलाइन मुद्रास्फीति
(B) आयतित मुद्रास्फीति
(C) छिपी हुई मुद्रास्फीति
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**12.** निम्नलिखित में कौन एक मुद्रा के प्राथमिक कार्य है ?
(A) स्थगित भुगतान को सरल बनाना
(B) मूल्य का संचय करना
(C) मूल्य हस्तांतरण में सहायक
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

13. मौद्रीक नीति के तहत अगर रिजर्व बैंक वाणिज्यिक बैंकों को ऋण देने का अधिकतम सीमाएँ निर्धारित करता है, तो इसे क्या कहते हैं ?
(A) सीमांत आवश्यकता
(B) साख की राशनिंग
(C) नैतिक दबाव
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

14. जब शेयर बाजार में पुरानी सूचीबद्ध कंपनियाँ अपने नये शेयर जारी करती है तो इसे कहा जाता है-
(A) आई.पी. ओ. (IPO)
(B) एफ.पी.ओ. (FPO)
(C) इराट इशू
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

15. चिट फंड (Chit Fund) है-
(A) एक बचत योजना
(B) एक वित्तीय फ्रॉड
(C) ब्लू चिप शेयर
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

16. निम्नलिखित में कौन-सा एक निगम कर के संबंध में सही नहीं है ?
(A) यह एक प्रत्यक्ष कर है।
(B) यह कर निजी कंपनियों के लाभ पर लगाया जाता है, सार्वजनिक कंपनी को यह कर नहीं देना पड़ता है।
(C) निगम कर भारत सरकार के राजस्व प्राप्त करने का सबसे बड़ा स्त्रोत है।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

17. प्रतिकारी शुल्क है-
(A) आयात कर
(B) निर्यात कर तेन्दु ज
(C) कर के ऊपर लगने वाला कर
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

18. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. राजकोषीय घाटा बजट घाटे से अधिक हो सकता है।
2. राजकोषीय घाटा बजट घाटे के तुलना में अर्थव्यवस्था की बेहतर वित्तीय स्थिति दर्शाता है।
उपर्युक्त में से कौन-सा /से कथन सही है/हैं ?
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

19. निम्नलिखित में कौन-सा उत्पाद जीएसटी के दायरे से बाहर है?
(A) मानव उपभोग वाला अल्कोहल
(B) पेट्रोलियम उत्पाद
(C) विद्युत
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

20. निम्नलिखित में किस बैंक का मुख्यालय कोलकाता में स्थित है ?
(A) इलाहाबाद बैंक
(B) भारतीय लघु औद्योगिक विकास बैंक
(C) भारतीय स्टेट बैंक
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

21. 'कीमत सिद्धान्त' का दूसरा नाम निम्न में कौन हो सकता है ?
(A) कीमत नियंत्रण (B) समष्टि अर्थशास्त्र
(C) व्यष्टि अर्थशास्त्र
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

22. बाजार माँग वक्र होता है ।
(A) व्यक्तिगत उपभोक्ताओं के माँग वक्रों का उदग्र योग
(B) व्यक्तिगत उपभोक्ताओं के माँग वक्रों का क्षैतिज योग
(C) व्यक्तिगत फर्मों के माँग वक्रों का उदग्र योग
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

23. उपभोक्ता संतुलन उस स्थिति को कहा जाता है, जब-
(A) उपभोक्ता अपनी सीमित आय को व्यय न करें।
(B) उपभोक्ता अपनी सीमित आय को व्यय करके अधिकतम संतुष्टि प्राप्त करता है।
(C) उपभोक्ता अपनी सीमित आय को व्यय करके न्यूनतम संतुष्टि प्राप्त करता है।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

24. ऐसी वस्तु जिनकी माँग आय बढ़ने पर घटती है और आय घटने पर बढ़ती है, उसे क्या कहते हैं ?
(A) सामान्य वस्तु (B) पूरक वस्तु
(C) निम्नकोटि की वस्तु
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

25. पूर्णतया लोचदार माँग से अभिप्राय है-
(A) कीमत में परिवर्तन का माँग की मात्रा पर कोई पभाव नहीं पड़ता है।
(B) कीमत में सूक्ष्म परिवर्तन के फलस्वरूप माँग की मात्रा में अनंत परिवर्तन का होना।
(C) माँग की मात्रा में प्रतिशत परिवर्तन कीमत में प्रतिशत परिवर्तन के बराबर होना
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

## ANSWER KEY

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 01. (D) | 02. (B) | 03. (B) | 04. (C) | 05. (B) |
| 06. (C) | 07. (E) | 08. (B) | 09. (C) | 10. (A) |
| 11. (C) | 12. (E) | 13. (B) | 14. (B) | 15. (A) |
| 16. (B) | 17. (A) | 18. (C) | 19. (D) | 20. (A) |
| 21. (C) | 22. (B) | 23. (B) | 24. (C) | 25. (B) |

## BPSC Mentorship
## Current Affairs - MCQ (34)

**1.** हाल ही में चर्चा में रही 'खेलानी सुरंग' किस राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश में स्थित है ?
(a) लद्दाख (b) जम्मू-कश्मीर
(c) अरुणाचल प्रदेश (d) उत्तराखण्ड

**2.** केन्द्रीय इस्पात और खान मंत्री के अनुसार किस राज्य के देवगढ़, क्योंझर और मयूरभंज जिलों में विभिन्न स्थानों पर सोने के भंडार पाए गए हैं?
(a) ओड़िसा (b) मध्य प्रदेश
(c) झारखंड (d) छत्तीसगढ़

**3.** हाल ही में चर्चा में रही 'स्टार्ट-अप्स, वीमेन एंड यूथ एडवांटेज थ्रू ई-ट्रांजैक्शन' (SWAYATT) पहल के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. यह 'महिला एवं बाल विकास मंत्रालय' की एक प्रमुख पहल है।
2. इसकी घोषणा केन्द्रीय बजट 2023-24 में की गयी थी।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**4.** हाल ही में भारत के किस राज्य में 'बहू बल्ली' नामक विश्व का पहले 200 मीटर लम्बे बैम्बू क्रैश बैरियर को लगाया गया है?
(a) मेघालय (b) अरुणाचल प्रदेश
(c) महाराष्ट्र (d) सिक्किम

**5.** निम्नलिखित में किस मन्त्रालय/संस्थान द्वारा 'डिजिटल भुगतान जागरूकता सप्ताह 2023' के अवसर पर 'हर भुगतान डिजिटल' मिशन की शुरुआत की गयी थी?
(a) नीति आयोग (b) भारतीय रिजर्व बैंक
(c) वित्त मन्त्रालय (d) लोकसभा सचिवालय

**6.** मार्च 2023 में निम्नलिखित में से किस भारतीय मूल के अमरीकी नागरिक को 'न्यूयार्क' के दक्षिण जिले में 'पहले दक्षिण एशियाई जिला न्यायाधीश' के रूप में नियुक्त किया गया था?
(a) विनोद कुमार शुक्ल (b) एस. एस. दुबे
(c) अमन पुरी (d) अरुण सुब्रमण्यम

**7.** हाल ही में चर्चा में रहा 'एरिग्रिटोल' है-
(a) लोकप्रिय 'कृत्रिम स्वीटनर'
(b) टाइप 2 मधुमेह के उपचार हेतु प्रयुक्त औषधि किया जाता है।
(c) एक प्रकार का कीटनाशक जिसे कपास की खेती में प्रयुक्त
(d) एक प्रकार की पशु वैक्सीन

**8.** हाल ही में किसने 'महिला, व्यवसाय और कानून रिपोर्ट 2023' जारी की थी?
(a) विश्व आर्थिक मंच (b) विश्व बैंक
(c) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (d) विश्व आर्थिक मंच

**9.** निम्नलिखित में से किसे 8वें 'राष्ट्रीय फोटाग्राफ पुरस्कार' में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया था?
(a) शशि कुमार रामचन्द्रन (b) शिप्रा दास
(c) अरूण साहा (d) विनोद कुमार शुक्ल

**10.** हाल ही में 'वी-डेम इंस्टीट्यूट' द्वारा जारी 'इलेक्टोरल डेमोक्रेसी इंडेक्स-2022' में भारत की रैंकिंग है?
(a) 97 (b) 106
(c) 108 (d) 110

**11.** मार्च 2023 तक अद्यतन स्थिति के सन्दर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | **राज्य** | | **मुख्यमंत्री** |
|---|---|---|---|
| 1. | त्रिपुरा | - | डॉक्टर माणिक साहा |
| 2. | मेघालय | - | कॉनरेड संगमा |
| 3. | नागालैंड नेफियू रियो - | | |

उपर्युक्त में से कौन सा/से युग्म सुमेलित है/हैं?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**12.** हाल ही में चर्चा में रहा 'याबोशांग उत्सव' मुख्य रूप से किस राज्य में मनाया जाता है?
(a) उत्तराखण्ड (b) केरल
(c) मणिपुर (d) सिक्किम

**13.** निम्नलिखित में से किसे 2022 का 'बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्स वुमन ऑफ द ईयर' चुना गया था?
(a) मीराबाई चानू (b) हिमा दास
(c) एम.सी. मैरीकॉम (d) निखत जरीन

**14.** 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. यह दिवस प्रतिवर्ष '8 मार्च को मनाया जाता है।
2. वर्ष 2023 हेतु इस दिवस की थीम डिजिट ऑल: इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फॉर जेंडर इक्वीलिटी है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**15.** निम्नलिखित में से किसने 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर भारतीय महिलाओं की अदम्य भावना पर हर स्टोरी, माई स्टोरी-व्हाई आई एम होपफुल अबाउट जेंडर जस्टिस' शीर्षक से एक लेख लिखा था?
(a) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू
(b) प्रधानमन्त्री श्री नरेंद्र मोदी
(c) उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़
(d) महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती स्मृति इरानी

16. निम्नलिखित में से कौन 'भारतीय वायु सेना' में अग्रिम लड़ाकू इकाई की कमान संभालने वाली पहली महिला अधिकारी बनी हैं?
(a) शालिजा धामी (b) तेजल मेहता
(c) कर्नल गीता राणा (d) सुरेखा यादव

17. हाल ही में किस राज्य के मुख्यमंत्री ने 'मऊगंज' को राज्य 53वां जिला घोषित किया है?
(a) मध्य प्रदेश (b) राजस्थान
(c) उत्तराखण्ड (d) पश्चिम बंगाल

18. मार्च 2023 में भारत की यात्रा पर रहे 'एंथनी एल्बनीज' किस देश के प्रधानमन्त्री हैं?
(a) इजराइल (b) ऑस्ट्रेलिया
(c) न्यूजीलैंड (d) रोमानिया

19. आभूषणों के संदर्भ में 'हॉलमार्किंग योजना' भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा किस वर्ष शुरू की गई थी ?
(a) वर्ष 2000 में (b) वर्ष 2004 में
(c) वर्ष 2009 में (d) वर्ष 2013 में

20. 'महिलाओं का सबरीमाला' के नाम से प्रसिद्ध 'अटुकल मंदिर' भारत के किस राज्य में स्थित है?
(a) तेलंगाना (b) आंध्र प्रदेश
(c) केरल (d) तमिलनाडु

21. निम्नलिखित में से किस संस्थान ने मार्च 2023 में त्रि-आयामी कागज आधारित पोर्टेबल उपकरण विकसित किया है जो 30 सेकंड के भीतर दूध में मिलावट का पता लगा सकता है?
(a) IIT- दिल्ली (b) IIT- कानपुर
(c) IIT- दिल्ली (d) IIT- मद्रास

22. मार्च 2023 में 'राम चन्द्र पौडेल' निम्नलिखित में से किस देश के राष्ट्रपति चुने गये थे?
(a) नेपाल (b) मालदीव
(c) मॉरिशस (d) फिजी

23. निम्नलिखित में से किसने मार्च 2023 में '$CO_2$ Emissions in 2022 Report' जारी थी?
(a) विश्व आर्थिक मंच (WEF)
(b) जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (IPCC)
(c) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)
(d) अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA )

24. हाल ही में किस देश के पूर्व प्रधानमंत्री 'मुहिउद्दीन यासीन को उस देश के 'भ्रष्टाचार रोधी आयोग' ने भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार किया था?
(a) पाकिस्तान (b) मलेशिया
(c) सोमालिया (d) लेबनान

25. निम्नलिखित में से किस राज्य के 'आपदा प्रबंधन प्राधिकरण' वर्ष 2023 के 'सुभाषचंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है?
(a) केरल (b) उत्तराखण्ड
(c) ओड़िशा (d) नागालैंड

## ANSWER KEY

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 01. (B) | 02. (A) | 03. (D) | 04. (C) | 05. (B) |
| 06. (D) | 07. (A) | 08. (B) | 09. (B) | 10. (C) |
| 11. (D) | 12. (C) | 13. (A) | 14. (C) | 15. (A) |
| 16. (A) | 17. (A) | 18. (B) | 19. (A) | 20. (C) |
| 21. (D) | 22. (A) | 23. (D) | 24. (B) | 25. (C) |

KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

# BPSC - Mentorship
## Current Affairs Capsule-34

## 6 मार्च

### *स्टार्ट-अप्स, वीमेन एंड यूथ एडवांटेज थ्रू ई-ट्रांजैक्शन (SWAYATT) पहल*

- सरकारी ई-मार्केटप्लेस (GeM) पर 'स्टार्ट-अप्स, वीमेन एंड यूथ एडवांटेज थ्रू ई-ट्रांजैक्शन' को बढ़ावा देने की पहल 'SWAYATT' की सफलता की याद में हाल ही में नई दिल्ली में एक समारोह का आयोजन किया गया।
- यह पहल 'वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय' द्वारा फरवरी 2019 में प्रारंभ की गई थी।
- यह भारतीय उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र के प्रमुख हितधारकों को राष्ट्रीय खरीद पोर्टल के साथ सरकारी ई-मार्केटप्लेस पर एक साथ लाता है।

### *विश्व का पहला 200 मीटर लंबा 'बैम्बू क्रैश बैरियर'*

- हाल ही में महाराष्ट्र में चंद्रपुर और यवतमाल जिलों को जोड़ने वाले वाणी-वरोरा राजमार्ग पर विश्व का पहला 200 मीटर लंबा बैम्बू क्रैश बैरियर लगाया गया है।
- **'बहू बल्ली'** नामक बैम्बू क्रैश बैरियर का विभिन्न सरकारी संस्थानों में परीक्षण किया गया और इसे फायर रेटिंग टेस्ट के दौरान क्लास-1 दर्जा दिया गया एवं इसे भारतीय सड़क कॉन्ग्रेस (IRC) द्वारा भी मान्यता दी गई है।
- IRC देश में हाईवे इंजीनियरों की शीर्ष संस्था है। इसकी स्थापना वर्ष 1934 में श्भारतीय सड़क विकास समितिश की सिफारिशों पर की गई थी, जिसे भारत में सड़क विकास के उद्देश्य से सरकार द्वारा स्थापित जयकर समिति (1927) के रूप में जाना जाता है।

### *बाल मित्र दिवस*

- 5वें 'जन औषधि दिवस' के अवसर पर फार्मास्यूटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइस ब्यूरो ऑफ इंडिया (PMBI) देश भर में एक सप्ताह तक उत्सव आयोजित कर रहा है।
- प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (PMBJP) के कार्यक्रमों में से एक दिन बच्चों को समर्पित था और इसे 'बाल मित्र दिवस' के रूप में मनाया गया।
- प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना वर्ष 2008 में फार्मास्यूटिकल्स विभाग द्वारा 'जन औषधि अभियान' के नाम से शुरू किया गया एक अभियान है।
- अभियान को वर्ष 2015-16 में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (PMBJP) के रूप में नया रूप दिया गया था।
- ब्यूरो ऑफ फार्मा पीएसयू ऑफ इंडिया (BPPI) PMBJP के लिये कार्यान्वयन एजेंसी है। यह रसायन और उर्वरक मंत्रालय के तहत कार्य करता है।

## 7 मार्च

### *8वें 'राष्ट्रीय फोटोग्राफ पुरस्कार'*

- 7 मार्च, 2023 को 'केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री' डॉ. एल. मुरूगन ने नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में '8वें राष्ट्रीय फोटोग्राफी पुरस्कार' प्रदान किये।
- नई दिल्ली में राष्ट्रीय फोटोग्राफी पुरस्कार समारोह में वरिष्ठ फोटो पत्रकार **'शिप्रा दास'** के साथ 13 अन्य फोटोग्राफरों को विभिन्न वर्ग में इन पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।
- फोटो पत्रकार शिप्रा दास को **'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड'** से सम्मानित किया गया।
- इस वर्ष का व्यावसायिक फोटोग्राफी पुरस्कार श्शशि कुमार रामचन्द्रनश को और श्शौकिया फोटोग्राफीश का पुरस्कार श्अरूण साहाश को दिया गया।

### *डेमोक्रेसी रिपोर्ट - 2023*

- वी-डे (वैरायटीज ऑफ डेमोक्रेसी) इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट, जिसका शीर्षक है, 'डेमोक्रेसी रिपोर्ट 2023 : डिफेंस इन द फेस ऑफ ऑटोक्रेटाइजेशन' के अनुसार, भारत को 'लिबरल डेमोक्रेसी इंडेक्स-2022' में 97वां और 'इलेक्टोरल डेमोक्रेसी' इंडेक्स-2022' में 108वां स्थान मिला है।

## 8 मार्च

### *India Philanthropy Report 2023*

- इस रिपोर्ट को गैर-लाभकारी संगठन 'दसरा' और परामर्श फर्म 'बैन एंड कंपनी' द्वारा जारी किया गया था।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2022 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में सामाजिक क्षेत्र में भारत में अल्ट्रा-हाई नेट वर्थ इंडिविजुअल्स (UHNIs) के योगदान में 5% की गिरावट आई है।
- इस रिपोर्ट से पता चला है कि वित्त वर्ष 2012 में UHNIs का दान घटकर 3,843 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2011 में 4,041 करोड़ रुपये था। इसके विपरीत, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व व्यय में 5% की वृद्धि हुई, जो 2021-22 में 27,000 करोड़ रुपये था।

***अकादमिक स्वतंत्रता सूचकांक - 2023***

- 'अकादमिक स्वतंत्रता सूचकांक' रिपोर्ट 179 देशों में पांच संकेतकों का विश्लेषण करके शैक्षणिक स्वतंत्रता का मूल्यांकन करती है, जिसमें शिक्षण और अनुसंधान की स्वतंत्रता, अकादमिक आदान-प्रदान और प्रसार, विश्वविद्यालय की स्वायत्तता, परिसर की अखंडता और शैक्षणिक और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति शामिल हैं।
- यह रिपोर्ट दुनिया भर के 2,197 से अधिक विशेषज्ञों के आकलन पर आधारित है। एवं भारत की अकादमिक स्वतंत्रता 179 देशों में सबसे निचले 30% देशों में है।

## 9 मार्च

***इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस (IBCA)***

- भारत ने सुझाव दिया है कि बाघों की सुरक्षा के लिये उसके नेतृत्त्व में एक अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन स्थापित किया जाना चाहिये और 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर (800 करोड़ रुपए से अधिक) के गारंटीकृत वित्तपोषण के साथ पाँच वर्ष की अवधि में समर्थन का आश्वासन दिया है।
- प्रस्तावित IBCA सात प्रमुख बाघों -बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुए, प्यूमा, जगुआर और चीता की सुरक्षा एवं संरक्षण की

***दिशा में कार्य करेगा।***

- गठबंधन की सदस्यता 97 "jsat" देशों के लिये खुली होगी, जिसमें अन्य इच्छुक राष्ट्र, अंतर्राष्ट्रीय संगठन आदि भी शामिल हो सकते हैं।

## बिहार स्पेशल

**बिहार की बबीता गुप्ता का 'स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान-2023' के लिये चयन**

- 1 मार्च, 2023 के अनुसार भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा बिहार की बबीता गुप्ता को 'स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान 2023' के लिये चयनित किया गया है।
- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय की ओर से आगामी चार मार्च को विज्ञान भवन, नयी दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्वारा उन्हें 'स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान 2023' से सम्मानित किया जाएगा।
- केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान के तहत चार मार्च से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह मनाया जाएगा।
- मुजफ्फरपुर की सीहो गाँव निवासी बबीता गुप्ता स्वयं सहायता समूह (जीविका ) की सदस्य हैं और स्वच्छता तथा पेयजल के विभिन्न श्रेणियों के लिये हुई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में उनका चयन किया गया है।

**राज्य खेल पुरस्कार व सम्मान योजना**

- 5 मार्च, 2023 के अनुसार बिहार सरकार ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में राज्य के विजेता खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को खेल पुरस्कार देने के लिये राज्य खेल पुरस्कार व सम्मान योजना बनाई है।
- राज्य में खिलाड़ियों के चयन के लिये राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक की अध्यक्षता में नौ सदस्यीय चयन समिति बनाई गई है।
- इस समिति के तहत इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी द्वारा चिह्नित खेलों के अंतर्गत भारत में संचालित राष्ट्रीय खेल महासंघों, अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स बोर्ड, स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया, भारतीय खेल प्राधिकरण और पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया आदि संगठनों द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं का चयन होगा।
- मैडल विजेता खिलाड़ियों को 29 अगस्त को हर साल होने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस पर सम्मानित किया जाएगा।
- राज्य खेल पुरस्कार व सम्मान योजना के तहत ओलंपिक खेलों में व्यक्तिगत खेल में गोल्ड मैडल जीतने वाले खिलाड़ी को दो करोड़, सिल्वर मैडल जीतने वाले को डेढ़ करोड़ और कांस्य पदक जीतने वाले को एक करोड़ रुपए मिलेंगे।

**बिहार में 'मीठी क्रांति'**

- 20 मार्च, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार बिहार में मीठी क्रांति (शहद उत्पादन) को बढ़ावा देने के लिये केंद्र सरकार ने राज्य के 17 जिलों का चयन किया है।
- राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहरी मिशन (नेशनल बी कीपिंग एंड हनी मिशन) के तहत इनका चयन किया गया है।
- बिहार में औरंगाबाद, भागलपुर, भोजपुर, दरभंगा, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, जमुई, किशनगंज, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, पटना, पूर्णिया, रोहतास, समस्तीपुर, सारण, सीतामढ़ी और वैशाली जिलों का चयन किया गया है।
- यह मिशन केंद्र और राज्य सरकार संयुक्त रूप से काम करेंगी।
- मधुमक्खी पालन में राज्य में महिलाओं के समूह, जीविका और वेजफेड को प्राथमिकता दी जाएगी। 30 प्रतिशत हिस्सेदारी महिलाओं की होगी।
- मधुमक्खी पालन क्षेत्र में फूल वाले पौधों की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। जिसके लिए जिला बागवानी विकास समिति को किसान समूह चयन की जिम्मेवारी दी गई है ।

●●●